एकेटीयू में एनईपी पाठ्यक्रम तैयार करने के लिये कमेटी का गठन

चर्चा में क्यों?

6 जून, 2022 को एकेटीयू (डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी) के कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार मिश्र ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (एनईपी) आधारित शैक्षणिक पाठ्यक्रम को विश्वविद्यालय में लागू करने के प्रस्ताव को तैयार करने के लिये समिति का गठन किया है।

प्रमुख बिंदु

- पाठ्यक्रम तैयार करने के लिये बनाई गई समिति का अध्यक्ष प्रतिकुलपति प्रो. मनीष गौड़ को बनाया है। समिति में डीन एकेडमिक और समन्वयक प्रो. नीतेश पुरोहित, डॉ. आर.के. अग्रवाल, डॉ. सारिका श्रीवास्तव तथा डॉ. प्रभाकर गुप्ता भी शामिल हैं।
- कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार मिश्र ने समिति से पाठ्यक्रमों को चिह्नित कर सत्र 2022-23 से लागू करने के लिये प्रस्ताव तैयार कर एक महीने में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।
- इसके साथ ही संस्थानों के शिक्षकों और विभाग के उत्कृष्ट कार्यों के लिये अवार्ड देने के लिये एक समिति का गठन किया गया है। एकेटीयू अब अपने संबद्ध संस्थानों में रिसर्च और डेवलपमेंट कार्यक्रम को बढ़ावा देने और प्रोत्साहित करने के लिये अवार्ड देगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/committee-constituted-to-prepare-nep-course-in-aktu